अपना शहर अपना खबर

वर्ष :-2
अंक:-28
22, फरवरी,2026
रविवार

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## रिश्वत लेने के आरोप में थरथरी स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित, डीएम ने दिए जांच के आदेश

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के थरथरी प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय डीहा के प्रभारी प्रधानाध्यापक (विशिष्ट शिक्षक) अनिल कुमार को अनुकंपा नियुक्ति के नाम पर अवैध राशि लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कारवाई जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा प्राप्त शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच के बाद की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अभ्यर्थियों से फोन पे के माध्यम से 40,000 रुपये तथा 10,000 रुपये नकद लिए गए।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया और दस्तावेजों के आधार पर संबंधित शिक्षक को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी सेवक द्वारा आधिकारिक कार्य के बदले रिश्वत मांगना बिहार सरकार की कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत गंभीर कदाचार और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है, जिसके



लिए कड़ी दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।साथ ही जिला प्रशासन ने अनुकंपा के आधार पर चयनित या लंबित अभ्यर्थियों से अपील की है कि यदि किसी कर्मचारी या पदाधिकारी द्वारा उनसे अवैध राशि की मांग की जाती है तो वे सीधे जिला पदाधिकारी से मिलकर इसकी जानकारी दें।

डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को कार्यालय की कार्यसंस्कृति में सुधार लाने और सभी लंबित कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है, ताकि आम लोगों को पारदर्शी और समयबद्ध सेवा मिल सके।

## नीलगाय के आतंक से परेशान किसानों को राहत, विशेष अभियान में 20 मारे गए



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड के बढ़ौना पंचायत में नीलगायों के बढ़ते आतंक से परेशान किसानों को प्रशासनिक कार्रवाई के बाद राहत मिली है। फसलों को लगातार नुकसान पहुंचने से चिंतित किसानों ने पंचायत प्रतिनिधि से शिकायत की थी, जिसके बाद वन विभाग को लिखित सूचना दी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को पंजीकृत शूटरों की टीम क्षेत्र में पहुंची और विशेष अभियान चलाया।

अस्सी खंधा और बढौना खंधा इलाके में कई घंटे चले अभियान के दौरान करीब 20 नीलगायों को मार गिराया गया। किसानों का कहना है कि ये जंगली पशु लगभग 600 एकड़ में लगी गेहूं, सरसों, चना, धनिया और मसूर की फसलों को रौंदकर बर्बाद कर रहे थे। महीनों की मेहनत कुछ ही समय में नष्ट हो जाने से किसानों में भारी आक्रोश था और वे रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर थे।

ग्रामीणों ने बताया कि नालंदा जिला के रहुई, चंडी, सरमेरा, अस्थावां और हरनौत क्षेत्रों में भी नीलगायों की समस्या तेजी से बढ़ रही है। स्थिति को देखते हुए सरकार ने पंजीकृत शूटरों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है, ताकि प्रभावित इलाकों में शीघ्र नियंत्रण पाया जा सके।

कारवाई के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है, हालांकि उन्होंने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है, जिससे भविष्य में फसल क्षति रोकी जा सके और उनकी मेहनत सुरक्षित रह सके।

## कौशल प्रशिक्षण से बदलेगा युवाओं का भविष्य, नालंदा में जीविका की कार्यशाला आयोजित हुआ




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में कौशल विकास के विभिन्न आयामों और उससे मिलने वाले लाभों को लेकर जीविका कर्मियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से आए कर्मियों को प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने की रणनीति को मजबूत करना था।कार्यक्रम में बताया गया कि जीविका पिछले करीब 20 वर्षों से जिले के सभी प्रखंडों में बेरोजगार युवक-युवतियों को तकनीकी और गैर-तकनीकी प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता विकसित कर रहा है। इस पहल के तहत हर वर्ष सैकड़ों युवाओं को न केवल बिहार बल्कि अन्य राज्यों और राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

जिला परियोजना प्रबंधक संजय प्रसाद पासवान ने कहा कि सामान्य शिक्षा प्राप्त करने के बाद युवाओं को अपने कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि वे नौकरी के साथ-साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में भी सफल हो सकें। वहीं आरसेटी के निदेशक राजीव वर्मा ने बताया कि जीविका के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विभिन्न प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है।

कार्यशाला में संचार प्रबंधक संतोष कुमार, कृषि प्रबंधक अनुराग कुमार, स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधक नूरुल होदा, संस्थागत प्रशिक्षण प्रबंधक रामपुकार, कौशल विकास प्रबंधक संतोष कुमार सहित सभी प्रखंडों से आए जीविका कर्मी मौजूद रहे।


## भारत की छवि विवाद पर भाजपा युवा मोर्चा का तीखा जोरदार प्रदर्शन




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से सुरक्षा घेरा तोड़कर किए गए प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नालंदा ने विरोध मार्च निकाला। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया और घटना की कड़ी निंदा की।प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि इस तरह की गतिविधियाँ अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को नुकसान पहुँचाती हैं और इससे देश की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की नैतिक जिम्मेदारी कांग्रेस नेतृत्व पर बनती है और जनता इस मामले में स्पष्टीकरण चाहती है।

भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि भारत की छवि को धूमिल करने वाली किसी भी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि संबंधित पक्ष सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने "देश का सम्मान सर्वोपरि है" जैसे नारे लगाए और कहा कि राष्ट्र की गरिमा के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ तथा प्रशासनिक स्तर पर स्थिति सामान्य रही।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# जदयू कार्यकर्ता विनोद प्रसाद के निधन पर मंत्री श्रवण कुमार ने दी श्रद्धांजलि

विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के पाण्डेयचक गांव निवासी जदयू कार्यकर्ता एवं समाजसेवी विनोद प्रसाद के निधन पर शनिवार को शोक की लहर फैल गई। उनके निधन की खबर मिलते ही श्रवण कुमार गांव पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत कार्यकर्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

मंत्री ने कहा कि विनोद प्रसाद लंबे समय से जनता दल (यूनाइटेड) से जुड़े थे और संगठन के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। उनके असमय निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी दल की रीढ़ होते हैं और पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में साथ खड़ी रहती है।

परिवारजनों से बातचीत के दौरान मंत्री ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिया और कहा कि संगठन पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। ग्रामीणों ने भी विनोद प्रसाद को सरल, मिलनसार और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्ति बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



**ग्रामीणों ने भी विनोद प्रसाद को सरल, मिलनसार और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्ति बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।**

इस अवसर पर बराखुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया अविनाश कुमार निराला उर्फ सिक्कू मुखिया, जनार्दन प्रसाद चंद्रवंशी, सुन्नी महतो, राजकुमार सिंह सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

# आपदा पीड़ितों को सहायता देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: मंत्री श्रवण कुमार



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। श्रवण कुमार ने कहा कि आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद करना सरकार की पहली प्राथमिकता है और सरकारी खजाने पर सबसे पहला अधिकार ऐसे पीड़ित परिवारों का है। वे शनिवार को नूरसराय प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आपदा पीड़ित परिवारों को सहायता राशि का चेक वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

मंत्री ने कहा कि जब किसी परिवार का कमाने वाला सदस्य आपदा में असमय मृत्यु का शिकार हो जाता है तो पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से टूट जाता है। ऐसे कठिन समय में राज्य सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी रहती है। उन्होंने बताया कि मृत्यु के बाद पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये तथा आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से चार लाख रुपये की सहायता दी जाती है।इस अवसर पर प्रहलाद नगर गांव निवासी स्व. सुनील शर्मा उर्फ सुनील ठाकुर की पत्नी सरिता देवी और अजनौरा गांव निवासी स्व. श्यामकिशोर प्रसाद की पत्नी कमला देवी को चार-चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। बताया गया कि सुनील ठाकुर की मृत्यु फतुहा में पानी में डूबने से हुई थी।

मंत्री ने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को 25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही बिहार में महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक बस सेवा चलाई जा रही है और जीविका समूह की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

कार्यक्रम में अंचल अधिकारी दीपक कुमार, जदयू अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, पूर्व प्रमुख राकेश कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।





# प्रशिक्षण महाअभियान से भाजपा ने भरी संगठन मजबूती की हुंकार, बूथ स्तर तक सक्रियता पर जोर




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के नालंदा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा के प्रेस पैनलिस्ट सह प्रवक्ता मनीष पांडे उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मनीष पांडे ने अपने संबोधन में प्रशिक्षण शिविरों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए नियमित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगामी मार्च माह में सभी मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया, ताकि कार्यकर्ताओं की दक्षता और सक्रियता बढ़ाई जा सके।जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने संगठन की संरचना, कार्यपद्धति और विस्तार रणनीति पर विस्तार से चर्चा करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, नियमित बैठक व्यवस्था लागू करने तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका स्पष्ट करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय और सक्रिय सहभागिता को सफलता की कुंजी बताया।

उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की और सभी बूथों पर इसके सफल आयोजन के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने का आह्वान किया। आईटी सेल संयोजक अमित शान ने "सरल" पोर्टल के माध्यम से कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा गतिविधियों को नियमित अपलोड करने की जानकारी दी, जबकि सोशल मीडिया संयोजक धीरज पाठक ने डिजिटल सशक्तिकरण की भूमिका बताई।

कार्यक्रम में कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# सिलाव में दो विधवाओं को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना की सहायता मिली



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शनिवार को सिलाव प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत दो लाभुक महिलाओं को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य असमय मृत्यु से प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक संबल उपलब्ध कराना है, ताकि वे प्रारंभिक संकट की स्थिति से उबर सकें।

पहली लाभुक कंचन कुमारी, पति स्वर्गीय सोनू कुमार, ग्राम धमार, पंचायत पावडीह, पोस्ट चांदीमऊ, थाना राजगीर, जिला नालंदा की निवासी हैं। उनके पति सोनू कुमार की मृत्यु 15 जुलाई 2025 को गांव में हुई सड़क दुर्घटना में हो गई थी। पात्रता जांच पूरी होने के बाद उन्हें 20,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

दूसरी लाभुक अनीता देवी, पति स्वर्गीय अरुण यादव, ग्राम खेमजी बीघा, पोस्ट बिंदीडीह, पंचायत गौरमा, थाना राजगीर, जिला नालंदा की रहने वाली हैं। उनके पति अरुण यादव की मृत्यु 26 मई 2023 को विद्युत करंट लगने से हो गई थी। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात उन्हें भी 20,000 रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की यह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा है और पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी स्थिति होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन अवश्य करें, ताकि समय पर सहायता मिल सके।






# खेत के केबिन में मजदूर का शव मिलने से इलाके में सनसनी



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के कोबिल गांव स्थित धोमैंन खंधा में शनिवार को एक खेत के पटवन के लिए बने केबिन से 46 वर्षीय मजदूर सुरेश पासवान का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

ग्रामीणों के अनुसार सुरेश पासवान सोमवार की संध्या घर से खेत की ओर निकले थे, लेकिन मंगलवार सुबह तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर उनका कोई पता नहीं चला। शनिवार को जिस किसान के खेत में वे मजदूरी करते थे, उसने कृषि कार्य के लिए केबिन का ताला खोला। अंदर से दरवाजा बंद होने पर खिड़की तोड़कर देखा गया, जहां सुरेश पासवान मृत अवस्था में पाए गए। आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत विद्युत स्पर्शाघात से हुई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। मृतक की पहचान कोबिल गांव निवासी बिरजू पासवान के पुत्र के रूप में हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इस्लामपुर नगर परिषद के वार्ड पार्षद गुड्डू सिंह ने पीड़ित दलित परिवार को कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत अंतिम संस्कार के लिए तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# एकंगरसराय थाना में एसआई सोनाजीत तिवारी को दी गई भावभीनी विदाई






बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। एकंगरसराय थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर सोनाजीत तिवारी के पटना एसटीएफ में तबादले पर शनिवार को थाना परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों, कर्मियों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस इंस्पेक्टर अमरेंद्र कुमार ने कहा कि एसआई तिवारी एक कुशल, कर्तव्यनिष्ठ और जिम्मेदार पदाधिकारी रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों के सफल निष्पादन में सक्रिय भूमिका निभाई और अपने व्यवहार तथा कार्यशैली से विभाग की गरिमा बढ़ाई। वहीं थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने कहा कि सोनाजीत तिवारी तेज-तर्रार, अनुशासित और समर्पित अधिकारी के रूप में जाने जाते रहे हैं, जिनकी कार्यशैली से सभी सहयोगियों को प्रेरणा मिलती रही।

अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान उन्हें अंगवस्त्र और फूल-मालाओं से सम्मानित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर इंस्पेक्टर अमरेंद्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष रूपेश कुमार, एसआई जितेंद्र कुमार, उत्तम कुमार सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी राजीव प्रसाद सिंह, सोनू पांडेय, गौरव कुमार, भीम भवानी पांडेय और बृजकिशोर सिंह समेत अन्य लोगों ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया।



## परिवार नियोजन सेवा सुदृढ़ करने को स्वास्थ्यकर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। परामर्श कौशल को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला अस्पताल बिहारशरीफ के सभागार में नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों, सीएचओ और परामर्शदाताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एसीएमओ डॉ.राममोहन सहाय ने किया और कहा कि गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं के लिए प्रभावी परामर्श अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक परामर्शियों की नियुक्ति तो है, लेकिन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर इनकी कमी के कारण सभी स्वास्थ्यकर्मियों को परामर्श कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे उपकेंद्र स्तर तक लोगों को सही मार्गदर्शन मिल सकेगा और परिवार नियोजन संबंधी निर्णय अधिक टिकाऊ व प्रभावी होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बेहतर परामर्श से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सूचकांकों में सकारात्मक सुधार संभव है।

प्रशिक्षण में विभिन्न विशेषज्ञ प्रशिक्षक शामिल हुए, जिनमें पीएसआई इंडिया से शशिकांत कुमार, आरएच चंडी से काउंसलर संगीता त्रिपाठी, आरएच अस्थावां से ममता कुमारी, जिला अस्पताल से मंजू कुमारी तथा जिला स्वास्थ्य समिति से उज्ज्वल कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह प्रशिक्षण कुल आठ बैचों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 240 स्वास्थ्य प्रदाताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षित कर्मियों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है।

## इनर व्हील क्लब ऑफ बिहारशरीफ ने लगाया निःशुल्क बीएमडी जांच शिविर




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। इनर व्हील क्लब ऑफ़ बिहारशरीफ द्वारा शनिवार को बड़ी पहाड़ी स्थित नालंदा हड्डी अस्पताल में निःशुल्क बीएमडी जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी हड्डियों की जांच कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में हड्डी संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय रहते जांच के लिए प्रेरित करना था।

अस्पताल के डॉ. अमरदीप नारायण और डॉ. रश्मि नारायण ने उपस्थित लोगों को बताया कि महिलाओं को 40 वर्ष के बाद और पुरुषों को 50 वर्ष के बाद नियमित बीएमडी जांच अवश्य करानी चाहिए, ताकि हड्डियों की कमजोरी का समय पर पता चल सके। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से महिलाओं में रजोनिवृत्ति और हार्मोनल बदलाव के कारणहड्डियां तेजी से कमजोर होती हैं, जिससे आगे चलकर कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए कैल्शियम युक्त आहार और नियमित जांच बेहद जरूरी है।क्लब अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा कि शिविर आयोजित कर लोगों की जांच कराना क्लब के लिए खुशी की बात है और आगे भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सचिव कुमारी रश्मि, कोषाध्यक्ष सुनीता सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष मंजू प्रकाश व नीतू कुमारी, रूबी सिन्हा, अल्का रस्तोगी, रूबी वर्मा, डॉ. रश्मि नारायण, अमिता रानी, सीमा अग्रवाल, किरण कुमारी, डॉ. ममता कौशाम्बी, पूनम कुमारी, शोभा रानी, सुनीता रस्तोगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।







P
CR CLASSROOM POINT
BEST EDUCATION FOR BEST SCORE
VI | VII | VIII | IX | X (CBSE)
PRE NURTURE FOUNDATION FOR
NTSE | OLYMPIAD | IJSO
Phy | Chem | Maths | Bio | Eng | SST
XI | XII (CBSE/BSEB)
JEE (Mains/Adv) & NEET
Phy | Chem | Maths | Bio | Eng
New Batch Announced
for Class VI to X with foundation from
28 Jan
Session (2026-27)
Saraswati Puja
& Republic Day Offer
FREE ADMISSION
Batch Time : 4:00 PM to 6:00 PM
Our Classroom Advantage :
Expert Faculty
Weekly Scholarship
Study Material
CCTV Campus
TEST
Weekly Test
Doubts Counter
Shri Laxmi Sudama Complex
Khandakpar more, Bihar Sharif (803101)
+91 62028 19264
+91 95347 11704

# राजगीर मार्ग पर बस में लगी आग, चालक की सूझबूझ से बचीं छात्राएं

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर आ रही स्कूली छात्राओं से भरी एक बस में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई, हालांकि चालक की तत्परता और स्थानीय लोगों की मदद से बड़ा हादसा टल गया। बस में लगभग 50 छात्राएं सवार थीं, जो लखीसराय जिले के अलसी प्रखंड स्थित गरूआ पुरसंडा मध्य विद्यालय से शैक्षणिक भ्रमण पर निकली थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस जैसे ही राजगीर-गिरियक मार्ग पर आयुध निर्माणी के गेट नंबर-2 के पास पहुंची, उसमें से अचानक धुआं और चिंगारियां निकलने लगीं। स्थिति भांपते ही चालक हीरालाल ने तुरंत बस रोककर सभी छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। थोड़ी ही देर में आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए।पास स्थित एक फैक्ट्री के संचालक राहुल कुमार अपने प्रतिष्ठान से दो अग्निशमन यंत्र और डोलोमाइट पाउडर लेकर पहुंचे। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से आग पर प्रारंभिक नियंत्रण पा लिया गया। बाद में सूचना पर पहुंची अग्निशमन टीम ने पूरी तरह आग बुझा दी।अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना के बाद छात्राओं और शिक्षकों में कुछ देर भय का माहौल रहा, लेकिन सभी सुरक्षित हैं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बस की तकनीकी स्थिति की भी जांच की जा रही है।

# बारात में हर्ष फायरिंग से बच्ची घायल, आरोपी फरार; छापेमारी जारी

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। चंडी थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना में एक मासूम बच्ची घायल हो गई। घायल बच्ची की पहचान शिवानी कुमारी के रूप में हुई है, जिसे पैर में गोली लगने के बाद तत्काल इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घायल की मां सुग्गी देवी ने बताया कि गांव निवासी पप्पू रविदास की बेटी की बारात आई हुई थी। बारात जब दरवाजे पर डांस करते हुए आगे बढ़ रही थी, उसी समय उनकी पुत्री भीड़ में खड़ी होकर नृत्य देख रही थी।

इसी दौरान बारात में शामिल एक व्यक्ति ने देशी कट्टा से पहले हवाई फायर किया और फिर दूसरा फायर नीचे की ओर कर दिया, जिसकी गोली शिवानी के पैर में जा लगी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजन बच्ची को तुरंत अस्पताल ले गए।सूचना मिलने पर चंडी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक फायरिंग करने वाला आरोपी और उसके साथी डीजे बंद कर फरार हो चुके थे। परिजनों का आरोप है कि आरोपी पक्ष के लोग मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराने का दबाव बना रहे हैं और घर पहुंचकर गाली-गलौज भी कर रहे हैं।थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घटना की पुष्टि हुई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

# पावापुरी पुलिस की तत्परता से एमबीबीएस छात्र का गुम मोबाइल मिला

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पावापुरी ओपी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (बीमिम्स) के एमबीबीएस छात्र का गुम हुआ मोबाइल फोन बरामद कर उसे सकुशल वापस सौंप दिया। इस कार्रवाई से पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र मोहम्मद गजनफर अंसारी का वनप्लस मोबाइल कहीं गुम हो गया था, जिसके बाद उन्होंने ओपी में सनहा दर्ज कराया। मामला दर्ज होते ही थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी जांच शुरू की और मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर ली। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शनिवार को बरामद मोबाइल छात्र को सौंप दिया गया।

मोबाइल वापस मिलने पर छात्र ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी फोन मिल जाएगा। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और गुमशुदा सामान की बरामदगी के लिए तकनीकी संसाधनों का लगातार उपयोग किया जा रहा है।

# पैक्स अध्यक्ष पर राइस मिल प्रबंधक का आरोप, बकाया भुगतान को लेकर डीएम से शिकायत

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में एक राइस मिल और पैक्स के बीच विवाद का मामला सामने आया है। दहिता एग्रो फूड के प्रबंधक साकेत कुमार ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर संबंधित पैक्स अध्यक्ष पर मिल को बदनाम करने और अनावश्यक दबाव बनाने का आरोप लगाया है।प्रबंधक ने अपने आवेदन में बताया कि प्रशासन द्वारा उनके चावल मिल को पैक्स से टैग किया गया है। टैगिंग के बाद से ही पैक्स अध्यक्ष की ओर से लगातार अनुचित दबाव बनाया जा रहा है और असत्य तथ्यों के आधार पर शिकायतें की जा रही हैं। उनका कहना है कि वर्ष 2023-24 और 2024-25 का परिवहन व कुटाई मद में कुल 11,70079 रुपये का भुगतान अभी तक पैक्स की ओर से नहीं किया गया है। 15 जनवरी 2026 को भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन राशि नहीं दी गई।साकेत कुमार का आरोप है कि बकाया राशि की मांग करने पर पैक्स अध्यक्ष गलत बयान दे रहे हैं और न्यायालय जाने की धमकी भी देते हैं, जिससे कार्य करना मुश्किल हो गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के व्यवहार से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है।






अपना शहर अपना खबर
# अपना नालन्दा
रविवार
22, फरवरी,2026


# सदन में 'ब्राह्मणवाद' पर बवाल: विचारधारा की आड़ में समाज को बांटने की कोशिश- चंदन चौरसिया

## विकास से भटकी राजनीति: 'ब्राह्मणवाद' विवाद के जरिए भ्रम फैलाने का विपक्षी एजेंडा बेनकाब

बिहार की सियासत में फिर शब्दों की चिंगारी भड़की है, एक बयान ने पूरे राजनीतिक गलियारे को गरमा दिया है। बिहार विधानसभा के हालिया सत्र में जब विधायक संदीप सौरभ ने अपने भाषण के दौरान "ब्राह्मणवाद" शब्द का प्रयोग किया, तो सदन में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने इसे न केवल आपत्तिजनक बल्कि सामाजिक रूप से विभाजनकारी बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। उनका स्पष्ट कहना था कि किसी भी जाति या समुदाय को वैचारिक बहस के नाम पर कटघरे में खड़ा करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। सदन में हंगामे के बाद इस शब्द को कार्यवाही से हटाने का निर्णय लिया गया। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या विपक्ष मुद्दों की कमी के कारण सामाजिक विभाजन की राजनीति का सहारा ले रहा है? वरिष्ठ पत्रकार चंदन चौरसिया के विश्लेषण के अनुसार, यह विवाद केवल एक शब्द का नहीं बल्कि राजनीतिक सोच का आईना है—जहाँ विकास, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए प्रतीकात्मक टकराव को हवा दी जाती है।

इस पूरे प्रकरण को व्यापक राजनीतिक संदर्भ में समझना जरूरी है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय जनता पार्टी ने बिहार सहित देशभर में विकास, बुनियादी ढांचे, सामाजिक कल्याण और पारदर्शिता को केंद्र में रखकर राजनीति की है। ऐसे में विपक्ष द्वारा "ब्राह्मणवाद" जैसे शब्द का प्रयोग केवल वैचारिक आलोचना नहीं बल्कि एक विशेष समुदाय को निशाने पर लेने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। चंदन चौरसिया का मानना है कि यदि किसी भी विचारधारा की आलोचना करनी हो तो वह तथ्यों और नीतियों के आधार पर होनी चाहिए, न कि ऐसे शब्दों के माध्यम से जो सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करें। भाजपा की ओर से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, लेकिन समाज को जातीय खांचों में बांटने का अधिकार किसी को नहीं। विजय सिन्हा का आक्रोश इसी व्यापक भावना का प्रतिनिधित्व करता है—जहाँ वे सदन की गरिमा और सामाजिक समरसता दोनों की रक्षा की बात



करते नजर आए। सवाल यह भी है कि क्या विपक्ष जानबूझकर ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर राजनीतिक ध्रुवीकरण चाहता है? यदि ऐसा है तो यह रणनीति अल्पकालिक राजनीतिक लाभ तो दे सकती है, लेकिन दीर्घकाल में समाज के लिए घातक सिद्ध हो सकती है।

चौरसिया ने कहा बिहार की जनता अब परिपक्व हो चुकी है और वह शब्दों के जाल में फंसने वाली नहीं। राज्य की जनता स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, सड़क और पुल निर्माण, निवेश, युवाओं के रोजगार और कानून-व्यवस्था जैसे ठोस मुद्दों पर जवाब चाहती है। भाजपा का रुख स्पष्ट है—राजनीति का केंद्र विकास होना चाहिए, न कि वैचारिक लेबलिंग। यदि "ब्राह्मणवाद" जैसे शब्दों के माध्यम से किसी समुदाय विशेष को अप्रत्यक्ष रूप से कटघरे में खड़ा किया जाता है, तो यह सामाजिक सौहार्द को आहत करता है। लोकतंत्र में बहस होनी चाहिए, लेकिन वह समावेशी और सकारात्मक होनी चाहिए। भाजपा ने सदन में जिस प्रकार विरोध दर्ज कराया, वह केवल राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि सामाजिक संतुलन की रक्षा का प्रयास था। अंततः यह विवाद विपक्ष के लिए आत्ममंथन का अवसर है—क्या वे वैकल्पिक नीतिगत दृष्टि प्रस्तुत करेंगे या फिर शब्दों की आग में राजनीतिक रोटियां सेंकते रहेंगे? बिहार की राजनीति को अब टकराव नहीं, समाधान चाहिए; विभाजन नहीं, विकास चाहिए। और यही संदेश इस पूरे प्रकरण से उभरकर सामने आता है—जनता विकास की राजनीति के साथ है, और जो भी शक्ति समाज को बांटने की कोशिश करेगी, उसे लोकतांत्रिक तरीके से जवाब मिलेगा।

# नगरनौसा में बिजली चोरी पर कार्रवाई, मीटर बाइपास करने पर प्राथमिकी दर्ज

नगरनौसा (अपना नालंदा)। क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को गठित टीम ने प्रखंड के लोदीपुर गांव में छापेमारी की। अभियान का नेतृत्व कनीय विद्युत अभियंता विवेक कुमार केसरी कर रहे थे, जिनके साथ तकनीशियन ग्रेड-3 दिव्या भारती तथा मानवबल कर्मी मंटू कुमार, बिपिन कुमार और संजीब कुमार शामिल थे।

जांच के दौरान टीम ने एक घर में मीटर बाइपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग किए जाने का मामला पकड़ा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लोदीपुर गांव की निवासी रेखा देवी मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करते हुए पाई गईं। मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन पर 17,223 रुपये का जुर्माना लगाया गया और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई।अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी न केवल कानूनन अपराध है बल्कि इससे विभाग को आर्थिक क्षति होती है और नियमित उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार पड़ता है। विभाग ने स्पष्ट किया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा तथा चोरी करते पकड़े जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नगरनौसा बाजार की बदहाल व्यवस्था पर व्यवसायियों ने विधायक से लगाई गुहार



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा व्यावसायिक संघ ने बाजार क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर स्थानीय विधायक को पत्र भेजकर शीघ्र समाधान की मांग की है। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि बाजार में बुनियादी व्यवस्थाओं का अभाव होने से व्यापारियों और आम लोगों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

संघ अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी, श्रवण कुमार, अनिल कुमार, मुकुल कुमार और अनंत कुमार गुप्ता सहित अन्य व्यवसायियों ने पत्र में बताया कि बाजार क्षेत्र में नाली की समुचित निकासी व्यवस्था नहीं है, जिससे जलजमाव की समस्या बनी रहती है। साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण की आवश्यकता है ताकि यातायात सुगम हो सके। उन्होंने सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था, बिहार से पटना के लिए नियमित बस सेवा, स्थानीय स्तर पर कॉलेज और विवाह भवन निर्माण की भी मांग की है।

व्यवसायियों ने यह भी कहा कि क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत है, ताकि व्यापारिक माहौल बेहतर हो सके। पत्र में नगरनौसा को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग भी उठाई गई है, जिससे प्रशासनिक सुविधाओं का विस्तार हो और विकास कार्यों को गति मिल सके।

व्यावसायिक संघ ने विधायक से आग्रह किया है कि बाजार क्षेत्र की समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि स्थानीय व्यापार और आमजन दोनों को राहत मिल सके।

# डीएम ने चंडी सब्जी उत्कृष्टता केंद्र का किया निरीक्षण, उन्नत खेती पर जोर



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार ने शनिवार को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान चंडी स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल का निरीक्षण कर वहां संचालित आधुनिक कृषि तकनीकों और फसल उत्पादन प्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पॉलीहाउस, टनल, हाइड्रोपोनिक्स और एरोपोनिक्स इकाइयों में विभिन्न सब्जियों की उन्नत उत्पादन प्रक्रिया को करीब से देखा और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के क्रम में पॉलीहाउस-01 (1332 वर्गमीटर) में रंगीन शिमला मिर्च (वोलांटी F1), पॉलीहाउस-02 (1276 वर्गमीटर) में बीजरहित खीरा (बेरीकेट), टनल-01 (400 वर्गमीटर) में खीरा (काफिया), टनल-02 (520 वर्गमीटर) में चेरी टमाटर (नगमोती), टनल-03 (520 वर्गमीटर) में टमाटर (हिमसोहन) तथा टनल-04 (520 वर्गमीटर) में हरा शिमला मिर्च (इंटूडर) का उत्पादन जारी पाया गया। खुले क्षेत्र (1800 वर्गमीटर) में पत्तागोभी, लाल पत्तागोभी, ब्रोकली और लाल फूलगोभी की उन्नत किस्मों की खेती की जा रही है। हाइड्रोपोनिक्स इकाई (1000 वर्गमीटर) में लेट्यूस, बेसिल, आइसबर्ग, पाकचोई और सेलेरी का उत्पादन हो रहा है, जबकि एरोपोनिक्स इकाई (1500 वर्गमीटर) में आलू की लेडी रोसेटा प्रजाति उगाई जा रही है।

जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि केंद्र में संरक्षित खेती तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियां तैयार की जाती हैं और किसानों को आधुनिक खेती की प्रशिक्षण व मार्गदर्शन सुविधा भी दी जाती है।

जिला पदाधिकारी ने केंद्र की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उन्नत कृषि पद्धतियां किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को इन तकनीकों से जोड़कर लाभान्वित किया जाए, ताकि जिले में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा मिल सके।

उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को क्षेत्र में आधुनिक बागवानी तकनीकों के प्रसार का प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि यह संस्थान किसानों के लिए सीखने और प्रयोग करने का

# पप्पू यादव ने लोकसभा अध्यक्ष से की शिकायत, गिरफ्तारी मामले में जांच की मांग



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। लोकसभा सदस्य पप्पू यादव ने शुक्रवार को नई दिल्ली में ओम बिरला से मुलाकात कर 6 फरवरी की कथित घटना की पूरी जानकारी साक्ष्यों सहित दी और मामले में न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि उस रात पटना स्थित उनके आवास पर कुछ नेताओं, पुलिस अधिकारियों और एक कथित सेल इंस्पेक्टर ने बिना वारंट पहुंचकर कार्रवाई की और देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया, जबकि उन्हें पहले किसी मामले की सूचना नहीं दी गई थी।

उन्होंने कहा कि खराब स्वास्थ्य के बावजूद हाउस अरेस्ट का अनुरोध ठुकरा दिया गया और एक सांसद के विशेषाधिकारों व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी की गई। आरोप है कि गिरफ्तारी के बाद उन्हें आईजीआईएमएस ले जाया गया, जहां घंटों स्ट्रेचर पर रखा गया और व्यवहार अमानवीय रहा। अगले दिन अदालत के आदेश के बावजूद पीएमसीएच में उचित इलाज नहीं मिलने का भी दावा किया गया, जिसके बाद उन्हें बेउर जेल भेज दिया गया।उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से अपील की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले नहीं हैं और उन्हें सुनियोजित तरीके से फंसाने की कोशिश की गई। उन्होंने न्यायपालिका और जनता पर भरोसा जताते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि की आवाज दबाने के प्रयासों पर कठोर कदम उठना जरूरी

# बाढ़ प्रभावित किसानों को बड़ी राहत, खातों में पहुँची 113 करोड़ कि राशि




सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना स्थित 01 अणे मार्ग के संकल्प सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत वर्ष 2025 में अतिवृष्टि, बाढ़ और मोन्था तूफान से प्रभावित किसानों के खाते में डीबीटी माध्यम से 113 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित की। इस योजना से 2 लाख 2 हजार से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सहायता राशि किसानों को आगामी फसल की तैयारी में सहारा देगी और राज्य सरकार आपदा प्रभावित कृषकों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और राज्य के खजाने पर सबसे पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है।जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 में भारी वर्षा और बाढ़ से बिहार के 13 जिलों—बेगूसराय, भोजपुर, दरभंगा, गया, कैमूर, किशनगंज, मधेपुरा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी और सुपौल—के 53 प्रखंडों तथा 493 पंचायतों में व्यापक फसल क्षति हुई थी। इसके बाद कृषि विभाग ने ऑनलाइन आवेदन लेकर सत्यापन कराया और पात्र किसानों को अनुदान स्वीकृत किया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

# रालोमो के सदस्यता अभियान का बिहार के 41 जिलों में भव्य शुभारंभ




सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के तीसरे स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यालय सहित बिहार के 41 संगठन जिलों में महासदस्यता अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। राजधानी पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी सुप्रीमो एवं सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कार्यक्रम का उद्घाटन कर अभियान का शुभारंभ किया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक आलोक कुमार सिंह, विधायक स्नेहलता कुशवाहा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्रवंशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने अपने संबोधन में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि अल्पसंख्यक समाज के प्रमुख नेता जुल्फिकार आफताब ने अपने समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी छोड़कर राष्ट्रीय लोक मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेतृत्व ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर खाद्य आयोग सदस्य अंगद कुशवाहा, अशोक राम, मोहन यादव, कार्यालय सचिव अशोक कुशवाहा, राम शरण महतो, डॉ. बीरेंद्र दांगी, मुन्ना चौधरी, अंजली कुशवाहा, रवीश अन्ना, सुशील सिंह, रजनीश सिंह, बिनोद पप्पू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पार्टी नेताओं ने कहा कि महासदस्यता अभियान के माध्यम से संगठन का विस्तार कर जनसमर्थन बढ़ाया जाएगा और आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाया जाएगा।

# पटना में हम युवा प्रकोष्ठ का प्रदर्शन, राहुल गांधी के खिलाफ पुतला दहन और नारेबाजी

पटना (अपना नालंदा)। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के युवा प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को पटना स्थित इनकम टैक्स चौराहा पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. कमाल परवेज़ ने किया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर नारेबाजी की।

सभा को संबोधित करते हुए मो. कमाल परवेज़ ने कहा कि भारत मंडपम में आयोजित एआई सम्मेलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया विरोध देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की गतिविधियां अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को प्रभावित करती हैं, जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता।उन्होंने




केंद्र सरकार से मांग की कि मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। वक्ताओं ने कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित हो रहा है और ऐसे समय में देश की छवि को धूमिल करने वाली घटनाएं चिंताजनक हैं।कार्यक्रम में गिरधारी सिंह, पंकज मालाकार, दिग्विजय सिंह, सुजय बाबा, रविंद्र बाबा, अमन कुमार, विश्वरंजन, महेश चंद्रवंशी, मनोज यादव, सलाउद्दीन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और प्रशासनिक व्यवस्था सामान्य रही।

# पटना में बिहार कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ, विशेषज्ञों ने साझा किए नए उपचार उपाय

पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना के बुद्ध मार्ग स्थित ताज होटल में आयोजित बिहार कैंसर कॉन्क्लेव-2026 का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। दो दिवसीय कॉन्क्लेव 21 और 22 फरवरी को आयोजित किया गया है, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित चिकित्सक, ऑन्कोलॉजिस्ट और स्वास्थ्य विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए समय पर जांच, सही उपचार और जागरूकता अत्यंत



आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकार के वैज्ञानिक मंच विशेषज्ञों के बीच ज्ञान और अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।कॉन्क्लेव में कैंसर के निदान, उपचार की आधुनिक तकनीकों, रोगी देखभाल और नवीन स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तृत चर्चा की जा रही है।